# AL-24

नवम्बर, 2009
NOVEMBER, 2009

# एसोशिएटशिप परीक्षा
## जीवन बीमा का वैधानिक पक्ष
## ASSOCIATESHIP EXAMINATION
## LEGAL ASPECTS OF LIFE ASSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100
Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के है।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

---

Marks

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए :- (प्रत्येक के 4 अंक)
   - क) संयुक्त भूमि अधिकार और भूमि अधिकार सामान्य
   - ख) पंचाट
   - ग) क्षतिपूर्ति की संविदा
   - घ) मतैक्य (कंसेन्स्स एॅडीइडम)
   - ञ) धोखा

1. Write short notes on **any four** of the following:- 4 each
   - a) Joint Tenancy and Tenancy-in-Common
   - b) Arbitration
   - c) Contract of Indemnity
   - d) Consensus Adidem
   - e) Fraud

2. क) निम्नलिखित शब्दों की परिभाषा दीजिए :- 4
   - i) उपभोक्ता तथा
   - ii) सेवा में त्रुटिं

   जैसा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में परिभाषित किया गया है ।

   ख) समझाइए, जीवन बीमा पॉलिसी के अंतर्गत कैसे नामांकिती मृत्यु दावे में उपरोक्त 'अधिनियम' के अंतर्गत 'उपभोक्ता' की परिभाषा में आता है ? 4

   ग) बताइए कि जीवन बीमा संविदा के अंतर्गत किस प्रकार की सेवा में त्रुटियों को सामान्यतया उपरोक्त 'अधिनियम' के अंतर्गत लिया जा सकता है ? 4

2. a) Define the words 4
   i) Consumer and
   ii) Deficiency in service

   as defined under Consumer Protection Act, 1986.

   b) Explain. How nominee under life insurance policy in death claim comes under purview of the definition of 'Consumer' under above 'Act'. 4

   c) State which types of deficiencies in service under life insurance contracts can be generally covered under the above 'Act'. 4

3. क) भारतीय संविदा अधिनियम के अंतर्गत कौन से समझौते अवैध हैं ? (प्रत्येक के 6 अंक)

   ख) उन दशाओं को समझाइए जिनके अंतर्गत एक संविदा को विमुक्त किया जा सकता है।

3. a) Which are void agreements under Indian Contract Act? 6 each

   b) Explain the circumstances under which a contract can be discharged.

4. बीमा संविदा एक 'परम सद्विश्वास' की संविदा है । क्या आप इस कथन से सहमत हैं? क्या बीमित द्वारा प्रस्ताव पत्र में एक गलत घोषणा संविदा को निरस्त कर सकती है ? आप अपने उत्तर को निर्णीत अदालती मुकदमों के आधार पर उचित बताइए । 12

4. 'Insurance contract is a contract of Uberrima Fides.' Do you agree with this statement? Can a wrong declaration by the insured in the proposal form vitiate the contract? Justify your answer with decided court cases. 12

5. क) बीमा हित का क्या अभिप्राय है ? 2

   ख) जीवन बीमा संविदाओं, यह क्यो आवश्यक है ? 2

   ग) जीवन बीमा संविदा में इसे कब उपस्थित होना चाहिए और सामान्य बीमा संविदा में कब ? 2

   घ) निम्नलिखित मामलों में बीमा हित किस सीमा तक रहता है, समझाइए । 6
   i) नियोक्ता - कर्मचारी
   ii) साझेदार अपने सह-साझेदार के जीवन पर
   iii) जमानतदार अपने सह-जमानतदार के जीवन पर
   iv) लेनदार, कर्जदार के जीवन पर

5. a) What is meant by insurable interest? 2

b) Why it is essential in life insurance contracts? 2

c) When it should exist in life insurance contract and in nonlife insurance contract? 2

d) Explain the extent of insurable interest available in following cases. 6

i) Employer - employee

ii) Partner on the life of co-partner

iii) Surety on the life of co-surety.

iv) Creditor on the life of debtor.

6. क) जीवन बीमा संविदा के अंतर्गत दुर्घटना हितलाभ के लिए तमाम निषिद्धात्मक प्रखंडों को लिखिए । 6

ख) कारण सहित लिखिए कि क्या निम्नलिखित पॉलिसियों में दुर्घटना हितलाभ दावा मान्य होगा -

i) 'ए' शराब पी कर एक बस में यात्रा कर रहा था । बस पेडर रोड पर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और 'ए' की मृत्यु हो गयी । 2

ii) रेलवे यात्रियों को लूटते समय 'एम' नामका एक डाकू पुलिस मुठभेड़ में गोली का शिकार हो गया । 2

iii) 'एस' नाम की एक परिश्रमी विद्यार्थी अपनी नसों को तेज़ चाकू से काट लेती है। इसके परिणामस्वरूप उसका हाथ लकवाग्रस्त हो गया । 2

6. a) Enumerate the various exclusions clauses to accident benefit under a contract of Life Insurance. 6

b) Explain with reasons whether accident benefits claim under following policies would be admissible.

i) 'A' in a drunken state was travelling in a bus which met with an accident at Pedder road and he died. 2

ii) While robbing railway passengers, 'M', a dacoit was shot dead in the police encounter. 2

iii) 'S' a studious student cuts her veins with a sharp knife. Her hands get paralysed as a result of the same. 2

7. क) निम्न शब्दों को परिभाषित करिए :- 4

i) अभिकर्ता

ii) प्रमुख जैसा कि भारतीय संविदा अधिनियम, 1872की धारा 182 के तहत में परिभाषित किया गया है।

ख) अभिकर्ता और नौकर का अंतर बताइए । 4

ग) निम्न मुहावरे के आधार पर अभिकर्ता की भूमिका को समझाइए । 4
'क्यू फेसिट पर एलियम फेसिट पर से'

7. a) Define the words 4
   i) Agent and
   ii) Principal as defined under section 182 of Indian Contract Act, 1872

b) Distinguish between Agent and Servant. 4

c) Explain the role of an agent on the basis of Maxim: 4
'Qui Facit per alium facit per se'

(प्रत्येक के 6 अंक)

8. क) बीमा अधिनियम की धारा 39 पॉलिसीधारक द्वारा नामांकन का सम्पूर्ण संकेत देती है । एक जीवन बीमा पॉलिसी के अंतर्गत एक नामांकिती के क्या अधिकार हैं ? क्या अभ्यर्पण से नामांकन रद्द हो जाता है ?

ख) विवाहित स्त्री सम्पदा अधिनियम 1874 की धारा 6 के क्षेत्र को समझाइए ।

8. a) Section 39 of the Insurance Act gives a complete code for nomination by the policy holder. What are the rights of a nominee under a Life Insurance Policy? Does assignment cancel nomination? 6 each

b) Explain the scope of Sec. 6 of Married Women's Property Act 1874.

9. अ) शीघ्र एवं अशीघ्र मृत्यु दावे से आप क्या समझते है ? 2

ब) सामान्यतया मृत्यु दावे पर विचार करने के लिए बीमा कंपनी किन-किन आवश्यक जानकारियों की माँग करती है तथा शीघ्र मृत्यु दावों के लीए कौनसी अतिरिक्त आवश्यक जानकारी माँगी जाती है ? 4

स) अगर दावेदार नामांकिती/अभ्यर्पी 6
   i) अव्यस्क
   ii) पागल
   iii) दिवालिया है तो बीमा कम्पनी कैसे दावे का निपटान करेगी ?

9. a) What is meant by early and non early death claims ? 2

b) Which requirements are generally called by an insurance company for consideration of death claim ? In case of early death claim which additional requirements are called for ? 4

c) If, Claimant nominee/assignee is 6
   i) minor
   ii) Lunatic
   iii) Insolvent

how insurance company will settle claim?

10. क) विना किसी वसीयत के उत्तराधिकारी को कौन सा पदवी साक्ष्य एक दावेदार को बीमाकर्ता को पॉलिसी की रकम पर दावा करने के लिए देना होगा ? 4

ख) पुनर्बीमा क्या है ? ऐच्छिक पुनर्बीमा किस प्रकार समझौता पुनर्बीमा से भिन्न है ? 6

ग) क्या जीवन बीमा प्रीमियम में आयकर में छूट देना, पॉलिसी शर्तों का एक भाग होता है ? 2

10. a) In case of intestate succession which evidences of title a claimant has to produce to insurer for claiming policy moneys? 4

b) What is re-insurance? How does facultative reinsurance differ from Treaty reinsurance? 6

c) Is income tax benefit for Life Insurance premiums form a part of policy condition? 2

----- समाप्त -----

—— END ——